बिहार विधान परिषद् सचिवालय

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं.- 02/2025

निम्न वर्गीय लिपिक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में

बिहार विधान परिषद् सचिवालय (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2018 के अन्तर्गत परिषद् सचिवालय में निम्नवर्गीय लिपिक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं.-02/2025 दिनांक 26.11.2025 के अधीन अंतिम परीक्षाफल में सफल घोषित किए गए क्रमशः 10 (दस) एवं 33 (तैंतीस) सभी अभ्यर्थियों के चयन प्रक्रिया में स्वच्छता एवं निष्पक्षता की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए इनके टंकण दक्षता (हिन्दी/अंग्रेजी) की व्यावहारिक दक्षता जांच का आयोजन दिनांक 18.11.2026 (बुधवार) को परिषद् सचिवालय में विषय-विशेषज्ञों के त्रिसदस्यीय पैनल द्वारा सीसीटीवी (हाई रेशोल्यूशन कैमरा) की निगरानी एवं दण्डाधिकारी की उपस्थिति में किया जाएगा।

2. संबंधित अंतिम परीक्षाफल में वर्णित सभी अभ्यर्थियों के लिए इस जांच में शामिल होना अनिवार्य है।
3. जो अभ्यर्थी इस जांच में शामिल नहीं होंगे उन्हें अयोग्य घोषित किया जाएगा।
4. संबंधित अभ्यर्थियों को इसकी सूचना आवेदन में अंकित मोबाईल नं. एवं ई-मेल पर प्रेषित की जाएगी।
5. उक्त जांच संबंधी विस्तृत जानकारी बिहार विधान परिषद् की वेबसाईट https://vidhanparishad.bihar.gov.in पर उपलब्ध करायी जाएगी।

नवीन
26-11-26

(नवीन कुमार मिश्र)
उप सचिव
बिहार विधान परिषद्
पटना।